Dabang Dunia (Indore), 29th November 2020, DD-2, Page-1

# आईआईटी इंदौर को क्यूएस एशियन यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 188वां स्थान




## आईआईटी की पिछले साल की रैंकिंग कायम

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंदौर (आईआईटी इंदौर) को क्यू एशियन यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 188वां स्थान प्राप्त हुआ है। यह स्थान क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2021 में मिला है। खास बात यह है कि आईआईटी इंदौर पिछले साल भी इसी स्थान पर था, जबकि इस इंटरनेशनल रैंकिंग में आईआईटी मुंबई और आईआईटी दिल्ली का क्रम नीचे हो गया है।

क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में आईआईटी इंदौर का स्थान 2019 में 241वां था। इसके बाद 2020 में इसने लंबी छलांग लगाते हुए 188वां स्थान पाया था। अब 2021 में यह एक बार फिर इसी स्थान पर कायम रहा है, जबकि कई बड़े संस्थानों की रैंकिंग कम हुई है।

## कई पैमानों पर परखा जाता है

भारत में पहले क्रम के आईआईटी मुंबई की रैंकिंग 37 है, पिछले साल मुंबई की रैंकिंग 24वीं थी। आईआईटी दिल्ली भी चार क्रम नीचे होकर 47वें नंबर पर पहुंच गया है। 2020 की रैंकिंग में उसका स्थान 43वां था। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस इस वर्ष 56वीं रैंक पर है, जबकि पिछले साल उसकी रैंकिंग 51वीं थी। क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में पूरे महाद्वीप के शीर्ष 650 उच्च शिक्षण संस्थानों को जगह दी जाती है। रैंकिंग के लिए छह पैमानों पर शिक्षण संस्थानों को आंका जाता है। इसमें अकादमिक गुणवत्ता के साथ ही छात्र शिक्षक अनुपात, प्रति शिक्षक शोध-रिसर्च, अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर यानी शोध और एक्सचेंज प्रोग्राम में भागीदारी के साथ कर्मचारी-शिक्षकों के लिए काम आदि पैमानों पर परखा जाता है।